Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of a Patna's high court bench in Darbhanga, Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक महत्वपूर्ण विषय को रखना चाहता हूं, जो सम्पूर्ण मिथिला के लोगों की चिर लंबित और आवश्यक माँग है । महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र दरभंगा को मिथिला की संस्कृति, राजधानी कहा जाता है । मिथिला क्षेत्र में हजारों केस माननीय पटना उच्च न्यायालय में लंबित हैं । यहाँ के गरीब लोगों को पटना जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । दरभंगा प्रमंडलीय मुख्यालय है, दरभंगा में दो-दो विश्वविद्यालय हैं । दरभंगा डीएमसीएच जैसा संस्थान है । दरभंगा में अब हवाई सेवा भी उपलब्ध होने जा रही है । मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि दरभंगा में माननीय पटना उच्च न्यायालय की एक बेंच की स्थापना की जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री भोलानाथ ।